एक नजर में

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्लॉथ मार्केट शाखा का उद्घाटन



इंदौर . सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्लॉथ मार्केट शाखा का उद्घाटन किया गया।इस शाखा का उद्घाटन इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख आर के सिंह द्वारा किया गया . समारोह में उपक्षेत्रीय प्रमुख प्रबोध जैन तथा अन्य मुख्यप्रबंधक एवं सम्मनीय ग्राहक भी उपस्थित थे . क्लॉथ मार्केट शाखा के नवीन परिसर का उद्घाटन स्थानीय इलाके में स्थित एक प्रमुख वाणिज्यिक केंद्र में किया गया, जो व्यापार और वित्तीय लेन-देन के लिहाज से महत्वपूर्ण स्थान माना जाता है . इस शाखा के खुलने से क्षेत्र के लोगों को कई प्रकार की बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिलेगा, जिनमें बचत खाते, चालू खाते, ऋण, डिजिटल बैंकिंग सेवाएं और अन्य वित्तीय उत्पाद शामिल हैं . इसके साथ ही, यह शाखा विशेष रूप से छोटे व्यवसायों और व्यापारियों के लिए कर्ज और वित्तीय सहायता प्रदान करने पर भी ध्यान केंद्रित करेगी .

## शुभ सिटी में स्वतंत्रता दिवस समारोह



इंदौर . शुभ सिटी परिसर में हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत प्रभातफेरी से हुई, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी निवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया . इसके बाद ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई और राष्ट्रगान गूंजा . पूरा परिसर देशभक्ति के गीतों और नारों से गूंज उठा . सभी शुभ सिटी के परिजन इस मौके पर एकजुट होकर उपस्थित रहे . देशभक्ति से ओतप्रोत माहौल में लोगों ने स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया और एकता एवं भाईचारे का संदेश दिया .

## श्रीकृष्ण की शोभायात्रा निकाली



इंदौर . जन्माष्टमी पर गवली यादव समाज द्वारा भगवान श्री कृष्ण की शोभायात्रा निकाली गई . यात्रा अध्यक्ष राजू यादव ने बताया यात्रा में समाज के वरिष्ठ हीरा चौधरी, बलराम राठौर, गणपत हांस, मुन्ना चंदेल, अमर सिंह मसानिया, शंकर चंदेल, गुलाब रौतेला, गोपाल पटेल विशेष रूप से मौजूद रहे . शोभायात्रा में विंदा गुरु व्यायामशाला व रामनाथ गुरु महिलाअखाड़े ने कला की विशेष प्रस्तुति दी . राधाकृष्ण, भोलेनाथ, श्री राम पर आधारित 6 झांकियां ने क्षेत्रीय जनता का मन मोह लिया . महिलाओं के लिए डीजे और गरबे की व्यवस्था की गई . राधा कृष्ण, श्रीनाथजी, भोलेनाथ जी, हनुमान जी के स्वरूप भी यात्रा में आकर्षण का केंद्र रहे . यात्रा में सर्व समाज ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया .

## बीएलएस ई-सेवाएं ने पहली तिमाही की रिपोर्ट जारी की

इंदौर . बीएलएस ई-सेवाएं लिमिटेड (बीएलएसई), ने 30 जून 2025 को समा तिमाही के लिए अपने समेकित वित्तीय परिणामों की घोषणा की . प्रदर्शन और हालिया अद्यतनों के बारे में बोलते हुए, बीएलएस ई-सेवाएं लिमिटेड के अध्यक्ष शिखर अग्रवाल ने कहा हमें वित्त वर्ष 26 की मजबूत शुरुआत करने में प्रसन्नता है, क्योंकि हमारी त्त्ता प्रदर्शन हमारी व्यावसायिक मॉडल की गहराई और लचीलापन को दर्शाता है . तिमाही के लिए कुल आय में 205 .3% की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है, जो हमारे व्यवसायों में स्वस्थ गति और आदिफिडेलिस सॉल्यूशंस के एकीकरण के कारण है . परिचालन अनुशासन और मूल्य-आधारित सेवा वितरण पर हमारा ध्यान भी एबिटडा में 33 .5% की वृद्धि का कारण बना, जबकि हमारे कर के बाद लाभ (पेट) में 38 .7% की वृद्धि हुई, जो हमारे प्लेटफ़ॉर्म की मापनीयता और ताकत की पुष्टि करता है . पहली तिमाही वित्त वर्ष 26 के दौरान, कंपनी ने 251 .2 करोड़ रुपये की समेकित कुल आय दर्ज की, जो पिछले वर्ष 82 .3 करोड़ रुपये की तुलना में 205 .3न्न की मजबूत वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्शाती है .

## हुरुन लिस्ट में दिनेश पाटीदार का परिवार

इंदौर . हुरुन इंडिया मोस्ट वैल्यूएबल फैमिली बिजनेस लिस्ट 2025 में दिनेश पाटीदार परिवार का नाम 11,400 करोड़ की नेटवर्थ के साथ मध्य प्रदेश के सबसे अमीर और देश में 130 वें स्थान पर शामिल हुआ है . शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक दिनेश पाटीदार ने अपने विज़न और नेतृत्व से कंपनी को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के साथ प्रदेश और देश का नाम भी रोशन किया है . दिनेश पाटीदार का जीवन एक प्रेरणादायक यात्रा है . वर्ष 1986 में अपने पिता से शक्ति पंप्स की ज़िम्मेदारी संभाली, तब भारतीय बाजार में स्टेनलेस स्टील पंप की कल्पना भी मुश्किल थी, लेकिन पाटीदार ने जोखिम उठाते हुए इसे सफलतापूर्वक पेश किया . इसके बाद जब सोलर की बारी आई, तब भी उन्होंने अपनी रिसर्च टीम के साथ बेहतरीन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए सोलर पम्पस और मोटर्स का निर्माण किया . दिनेश पाटीदार की कहानी यह साबित करती है कि दूरदर्शिता, साहस और नवाचार के बल पर छोटे शहरों से भी ग्लोबल लीडर्स निकल सकते हैं .

## अनन्या पांडे ने पेश किया फैशन व ग्लो-अप का मौका

इंदौर . बॉलीवुड की फैशन आइकन अनन्या पांडे एक अनोखे और एक्सक्लूसिव फैशन और ग्लो-अप एक्सपीरिएंस अनन्या की स्टाइल एडिट की मेजबानी करने जा रही हैं, जो केवल एयरबीएनबी पर उपलब्ध होगा . फैशन के शौकीनों, ग्लैम के दीवानों और अनन्या के सबसे बड़े प्रशंसकों को उनकी सिग्नेचर स्टाइल की दुनिया के पीछे की खास झलक देने के लिए तैयार यह एक्सपीरिएंस, अधिकतम चार गेस्ट के लिए उपलब्ध होगा . एयरबीएनबी इंडिया और साउथईस्ट एशिया के कंट्री हेड अमनप्रीत बजाज ने कहा हम एयरबीएनबी ओरिजिनल्स को भारत में अनन्या पांडे के साथ पेश करने को लेकर उत्साहित हैं ओरिजिनल्स एक विशेष अनुभवों की सीरीज है जिसे दुनिया के सबसे दिलचस्प लोग होस्ट करते हैं, और अनन्या का स्टाइल एडिट इसका बेहतरीन उदाहरण है . अनन्या का यूनिक स्टाइल सेंस और बॉलीवुड-प्रेमी युवाओं से उनका गहरा जुड़ाव इस सहयोग को खास बनाता है . अनन्या पांडे ने कहा मैं बेहद उत्साहित हूं कि एयरबीएनबी ओरिजिनल्स के ज़रिए अनन्या की स्टाइल एडिट में मेहमानों का स्वागत कर रही हूं .

## एमेजॉन ने डेढ़ लाख से ज्यादा नौकरी के मौके बनाए

इंदौर . एमेजॉन इंडिया ने आज घोषणा की कि उसने अपने फ़ुलफ़िलमेंट सेंटर्स सॉर्ट सेंटर्स और लास्ट माइल डिलीवरी स्टेशनों में 1,50,000 से ज़्यादा अस्थायी नौकरियाँ बनाई हैं . यह कदम आने वाले त्योहारों में करोड़ों ग्राहकों की सेवा करने की तैयारी के लिए उठाया गया है . इनमें 400 से ज़्यादा शहरों में सीधे और अप्रत्यक्ष नौकरी के मौके शामिल हैं . इसकी खास बात यह है कि एमेजॉन ने अपने नेटवर्क में हज़ारों महिलाओं और 2000 से ज़्यादा दिव्यांग साथियों को भी यह मौका दिया हैं . एमेजॉन इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के वीपी – ऑपरेशंस, अभिनव सिंह ने कहा कि इन त्योहारो पर हमारा मकसद ग्राहकों को पूरे भारत के हर सर्विसेबल पिन कोड पर सबसे जल्द और भरोसेमंद डिलीवरी देना है . जिसकी तैयारी करते हुए हमने अपने फ़ुलफ़िलमेंट और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में 1 .5 लाख से ज़्यादा अतिरिक्त लोगों को भर्ती किया है, ताकि ग्राहकों को निराशा न हो . एमेजॉन की नई सहयोगी मनीषा सिंह ने बताया कि मुझे खुशी है कि कंपनी का सुरक्षित माहौल मुझे काम करते समय आत्मविश्वास देता है .

## आर्यन खान के निर्देशन की पहली झलक !

इंदौर . पिक्चर तो सालों से बाकी है, लेकिन शो तो अब शुरू होगा . नेटफ्लिक्स और रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट प्रा . लि . ने आज बहुप्रतीक्षित सीरीज़ द बा**ड्स ऑफ बॉलीवुड की पहली झलक पेश की, जो आर्यन खान के निर्देशन की पहली शुरुआत को दर्शाती है . यह है मज़ेदार, फिल्मी और थोड़ा ज़्यादा ! इस पहली झलक से ही डायरेक्टर के तौर पर आर्यन खान बता देते हैं कि वे नई सोच और अलग सिनेमाई अंदाज़ के साथ आए हैं . फिल्मी अंदाज़ की पृष्ठभूमि पर आधारित यह पहली झलक एक नई पीढ़ी के बदलाव का संकेत देती है, जहां पुराने दौर का रोमांस एक नए कहानीकार की नज़र से मिलता है . पहली बार आर्यन खान पूरे आत्मविश्वास से सामने आते हैं और अपनी डेब्यू सीरीज़ का अंदाज़ दिखाते हुए कहते हैं– बॉलीवुड जिसे आपने सालों से प्यार भी किया और वार भी किया, मैं भी वही करूंगा, बहुत सारा प्यार और थोड़ा सा वार .

# मंत्री, महापौर, सांसद ने लगाई राजवाड़ा क्षेत्र में झाडू

### गोगानवमी पर्व पर सफाई मित्रों के सम्मान में इंदौर में चला महा सफाई अभियान





नवभारत न्यूज

**इंदौर. गोगानवमी उत्सव के अवसर पर नगर निगम इंदौर के सभी सफाई मित्र अवकाश पर रहे. इस अवसर पर उनके सम्मान में जनभागीदारी से शहर भर में महा सफाई अभियान संचालित किया गया. संपूर्ण शहर ने मिलकर सफाई मित्रों को सम्मानित करते हुए उनके अवकाश को स्वच्छता जनभागीदारी दिवस के रूप में मनाया.**

अभियान में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी, प्रभारी स्वास्थ्य अश्विनी शुक्ला, जल कार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू, पार्षद रूपाली पेंठारकर, अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, सामाजिक एवं व्यावसायिक संगठन तथा एनजीओ प्रतिनिधियों ने राजवाड़ा एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वयं झाड़ू लगाकर सफाई अभियान में सहभागिता की. इसके साथ ही शहर के विभिन्न वार्डों में भी विभिन्न रहवासी संगठन, बैंकिंग सेक्टर, सामाजिक संस्था एवं एनजीओ ने अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाकर गोगानवमी को स्वच्छता पर्व के रूप में मनाया.

### स्वच्छता प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी : विजयवर्गीय

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मैं भोपाल जा रहा था, किंतु इंदौर के इस सराहनीय कार्य हेतु कुछ समय रुककर इस अभियान में जुड़ने का निर्णय लिया . शहर हमें स्वच्छ वातावरण और जीवनदायिनी ऑक्सीजन देता है, इसलिए प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है कि वह स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी समझें . इंदौर का जनभागीदारी मॉडल विश्व पटल पर सम्मानित हुआ है, और यही शहर की विशेषता है . मैं उन सभी नागरिकों का अभिनंदन करता हूं जिन्होंने आज सफाई मित्र बनकर अपने शहर की सेवा की है . मंत्र ने उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई .

### सभी ने किया जिम्मेदारी का निर्वहन : महापौर

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर के जनभागीदारी मॉडल को आज पूरा देश और दुनिया जानती है. यह दिन विशेष इसलिए है क्योंकि वर्षभर हमारे सफाई मित्र किसी भी जलसा, जुलूस या शोभायात्रा के बाद सफाई का दायित्व निभाते हैं. वीर गोगा जन्मोत्सव पर जब वे अवकाश पर रहते हैं तो यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि उनके सम्मान में हम सफाई अभियान का दायित्व निभाएं. आज नगर के जनप्रतिनिधि, निगम अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं नागरिकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में स्वयं सफाई कार्य कर इस जिम्मेदारी का निर्वहन किया है. यही इंदौर के स्वच्छता मॉडल की असली पहचान है.



## आत्म कल्याण के लिये आते हैं पर्यूषण पर्व

नवभारत न्यूज

इंदौर. पयूर्षण जैन धर्म का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है. यह धार्मिक ग्रन्थों और सन्तों के पावन सानिध्य में आत्म निरीक्षण ओर विचारों के आचरण की शुध्दि प्रदान करता है. आज के समय में ऐसी कठिन जीवन शैली के बीच पर्यूषण महापर्व हमें कष्टों से मुक्ति पाने का अवसर प्रदान करते है और साथ ही अपनी आत्मा और धर्म को गहराई से जानने का अवसर भी देते है.

यह विचार उपप्रवर्तक श्रुतमुनि महाराज ने धर्म सभा में व्यक्त किये. उन्होंने कहा पर्यूषण महापर्व आत्मा का कल्याण करने के लिये आते है. जप, त्याग, तपस्या का अवसर इन आठ दिनों में ही अधिक मिलता है. गुरूदेव ने आव्हान किया की इन आठ दिनों के पर्व मे हर श्रावक-श्राविका अधिक से अधिक जप, तप, ध्यान, साधना और आगम वाणी श्रवण करें. महामंत्री रमेश भंडारी एवं प्रकाश भटेवरा ने बताया कि पयुर्षण महापर्व 20 अगस्त से प्रारंभ हो रहे है और भगवान महावीर जन्म वाचन समारोह 24 अगस्त को मनाया जायेगा. सकल संघ समाज से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में धर्म वाणी श्रवण करने का लक्ष्य रखें. धर्म सभा का संचालन अशोक मंडलिक ने किया.

## देवी अहिल्या के कार्यों की सुगंध आने वाली पीढ़ी तक पहुंचे : महाजन

- पालकी यात्रा को यादगार बनाने विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों की बैठक
- भाजपा-कांग्रेस के नेता भी हुए शामिल, शहर काजी ने भी की शिरकत



नवभारत न्यूज

**इंदौर. 22 अगस्त को देवी अहिल्याबाई की 230 वीं पुण्यतिथि समारोह शहर में परंपरागत स्वरूप में मनाया जाएगा. इस वर्ष भी पालकी यात्रा उत्सवी माहौल में निकाली जाएगी.**

आयोजन की रूप रेखा को अंतिम रूप प्रदान करने के लिए विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों, ग्रामीण कार्यकर्ताओं, भाजपा कांग्रेस के नेताओं एवं अहिल्या भक्तों की वृहद बैठक को संबोधित करते हुए देवी अहिल्या उत्सव समिति के अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने कहा कि अहिल्याबाई की पुण्यतिथि का यह आयोजन शहर का प्रतिष्ठा प्रसंग है. इसमें शहर के जन-जन को जोड़ना हमारी पहली प्राथमिकता है. हम चाहते हैं कि देवी अहिल्या बाई के कार्यों की सुगंध आने वाली पीढ़ी तक पहुंचना चाहिए. उषा नगर स्थित उषाराजे परिसर में रविवार को वृहद बैठक का आयोजन किया गया जिसमें 22 अगस्त को होने वाले कार्यक्रमों को अंतिम रूप प्रदान किया गया. पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने इस अवसर पर कहा कि अहिल्याबाई की पुण्यतिथि के आयोजन पर होने वाले सभी आयोजन गरिमा एवं सादगी के साथ संपन्न होंगे.

देवी की प्रतिष्ठा के अनुरूप पालकी यात्रा राजसी ठाट बाट से निकाली जाएगी लेकिन पालकी यात्रा को ध्वनि प्रदूषण मुक्त रखा जाएगा. यात्रा में डीजे भी शामिल नहीं होंगे. भारतीय सेना के गौरव का प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित झांकियां भी पालकी यात्रा में शामिल की जा सकेंगी. पालकी यात्रा के संयोजक सांसद शंकर लालवानी ने कहा इस वर्ष शंख बजाते बंगाली महिलाएं, बटुक एवं दुर्गा वाहिनी की सशस्त्र युवतियां महिलाएं इसमें शामिल होंगी. 22 अगस्त को दोपहर 3.30 बजे से मुख्य कार्यक्रम गांधी हाल में होगा और पालकी यात्रा सायं 5 बजे गांधी हाल से प्रारम्भ होगी.

### प्रतियोगिता संयोजकों का सम्मान भी किया

अहिल्या उत्सव के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक डागा, सचिव शरयू ताई वाघमारे व राम मूंदड़ा ने बताया कि बैठक में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मनाए गए अहिल्या उत्सव की जानकारियां सभा में रखी गईं . अतिथि के रूप में शहर काजी इशरत अली कादरी प्रमुख रूप से उपस्थित थे . ग्रामीण क्षेत्र से देवराजसिंह परिहार मौजूद थे . मंदार महाजन एवं अविनाश भांड ने बताया कि सभी प्रतियोगिता संयोजकों का सम्मान भी किया गया . बैठक में पालकी यात्रा के सह संयोजक रविंद्रसिंह गौड़, प्रेमप्रकाश वर्मा, पूर्व सभापति अजयसिंह नरूका ने भी अपने विचार व्यक्त किये . . संचालन प्रकाश पारवानी ने किया . आभार सुधीर देड़गे ने माना .

## शासकीय सांदीपनि स्कूल भवनों का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करें : कलेक्टर

### समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश



नवभारत न्यूज

**इंदौर. कलेक्टर आशीष सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में इंदौर जिले में निर्माणाधीन 11 सांदीपनि (सीएम राइज) स्कूल भवनों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की. बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, निर्माण एजेंसी मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन एवं आईडीए के अधिकारी उपस्थित थे.**

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की. उन्होंने निर्देश दिए कि सभी भवनों का निर्माण उच्चतम गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हो. कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर भवन तैयार कर लिए जाएं. निर्माण स्थल पर नियमित निरीक्षण कर किसी भी प्रकार की तकनीकी या संरचनात्मक त्रुटि को तुरंत सुधारा जाए. कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए. विद्यालय भवनों में बच्चों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, प्रकाश, वेंटिलेशन, पेयजल और स्वच्छता की सभी सुविधाएँ सुनिश्चित की जाएं. निर्माण कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे और समय-समय पर कार्यों का भौतिक सत्यापन किया जाए. निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

### दिसंबर माह तक तैयार करें

कलेक्टर ने बैठक के अंत में निर्माण एजेंसियों से कहा कि प्रत्येक विद्यालय भवन जिले की शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रगति का प्रतीक बनेगा . उन्होंने अधिकारियों को दिसंबर माह तक सभी विद्यालय भवन पूर्ण कर समुचित उपयोग के लिए तैयार करने के निर्देश दिए . बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जिले में 11 सांदीपनि स्कूलों में से 10 स्कूल भवनों का निर्माण कार्य वर्तमान में प्रगति पर है, जबकि शेष एक विद्यालय के भवन का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा .



## व्यक्ति के भीतर की अच्छाई और बुराई का वस्तुनिष्ठ चित्रण करता नाटक भिंती

- रंगकर्मी मुकुंद तेलंग की संस्था प्रयास का प्रभावी प्रस्तुति

**इंदौर. 20 वीं मराठी सानंद नाट्य स्पर्धा के दूसरे दिन रविवार को संस्था प्रयास द्वारा प्रस्तुत मराठी नाटक भिंती का मंचन किया गया. विक्रम भागवत द्वारा लिखित और मुकुंद तेलंग द्वारा दिग्दर्शित नाटक की प्रभावी प्रस्तुति ने रसिक प्रेक्षकों को अंदर तक झकझोरा.**

नाटक का ताना-बाना पारिवारिक पृष्ठभूमि और मानव मनोविज्ञान के आधार पर बुना गया है. सभी कलाकारों ने सधा हुआ अभिनय किया. उन्हें बैकस्टेज आर्टिस्ट का पूरा सहयोग मिल. नाटक के संवाद प्रभावी थे, जो लंबे समय तक याद रहेंगे। दिग्दर्शक मुकुंद तेलंग पारिवारिक नाटकों को प्रस्तुत करने के महारथी हैं। उनकी यह विशेषता रविवार को मंचित नाटक में भी देखी गई। कुल मिलाकर संस्था प्रयास की यह प्रस्तुति प्रभावी बन पड़ी है।

### कहानी

प्रत्येक व्यक्ति में अच्छाई और बुराई दोनों होती है . कई बार बुराई सर उठाने लगती है और अच्छाई दब जाती है। बुराई व्यक्ति को दिखाई नहीं देती लेकिन कई बार वह व्यक्ति को पूरी तरह बदल देती है। व्यक्ति खुद में ही कैद हो जाता है। उसके इर्द-गिर्द दीवार खड़ी हो जाती है।इस बुराई का असर पारिवारिक वातावरण पर पड़ता है। यह नाटक इसी का वस्तुनिष्ठ चित्रण है। **कलाकार**– दिलीप खोपकर, परेश जोशी, शुभम लोकरे, रेणुका पिंगळे, सुषमा अवधूत, कीर्ती तपस्वी, मुकुंद तेलंग, पद्माकर मुळे .



## शांति निकेतन रहवासी संघ ने अनूठे अंदाज में मनाई आजादी की वर्षगांठ

- सीट बेल्ट लगाने, हेलमेट पहनने का लिया संकल्प

इंदौर. बॉम्बे हास्पिटल के पीछे, ए.बी. रोड स्थित शांति निकेतन रहवासी संघ के तत्वावधान में आजादी की 79वीं वर्षगांठ अनूठे अंदाज में मनाई गई, जब बचपन से पचपन आयु तक के रहवासियों ने पूरी लगन, निष्ठा और जोश के साथ देशभक्ति के तरानों पर नाचते-गाते हुए राष्ट्र की वंदना की.

रहवासी संघ के अध्यक्ष प्रदीप बंसल, सचिव प्रमिला अग्रवाल एवं पूर्व अध्यक्ष आत्माराम अग्रवाल ने बताया कि सदस्यों ने पहले ध्वज वंदन किया, उसके बाद देशभक्ति से प्रेरित कविताएं भी सुनाई गई. इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष राजीव सिंघल, संयोजक रूपाली तिवारी, आशीष तिवारी आदि ने स्वतंत्रता के महत्व को समझाते हुए एक जागरुक नागरिक के अधिकार और कर्तव्यों पर भी प्रकाश डाला. सभी रहवासियों ने यातायात नियमों का पालन करने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने का संकल्प भी व्यक्त किया.

एक नजर में | बाल गणेश से लेकर लालबाग के राजा तक की मूर्तियों में झलकता है श्रद्धा और शिल्प का संगम

## हर साल घर में बनाते हैं पर्यावरण अनुकूल शाडू मिट्टी के गणपति

नवभारत न्यूज

**इंदौर. जब बात गणेशोत्सव की आती है, तो हर भक्त की इच्छा होती है कि उनके घर में विराजमान गणपति बाप्पा न केवल सुंदर हों, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी.**



**सुदामा नगर निवासी 'सुबोध' नातू ऐसे ही कलाकार हैं, जो पिछले कई वर्षों से शाडू मिट्टी से ईकोफ्रेंडली गणेश मूर्तियाँ खुद अपने घर में ही तैयार कर रहे हैं.**



वे बताते हैं, मैं 8 इंच से लेकर 18 इंच तक की गणेश मूर्तियाँ बनाता हूँ. ये मूर्तियाँ पूरी तरह से शाडू मिट्टी से तैयार की जाती हैं, जो पानी में आसानी से घुल जाती है और पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं पहुंचाती. इस वर्ष उन्होंने ने विशेष रूप से बाल गणेश और ऋद्धि-सिद्धि सहित गणपति की थीम पर काम किया है. इसके साथ ही दगडुसेठ गणपति, लालबाग के राजा, समर्थ बैठक गणेश और मन्नत वाले गणपति जैसे प्रख्यात रूपों की झलक भी उनकी मूर्तियों में देखने को मिलती है. वे कहते हैं, 'मेरे लिए मूर्ति बनाना सिर्फ कला नहीं, साधना है. जब मैं मिट्टी को आकार देता हूं, तो वो एक भावनात्मक यात्रा बन जाती है. हर मूर्ति में बाप्पा के प्रति श्रद्धा और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी छिपी होती है. उनका मानना है कि बच्चों और युवाओं को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक करना चाहिए. वे हर साल आस-पड़ोस के बच्चों को अपने घर बुलाकर मूर्ति निर्माण की प्रक्रिया दिखाते हैं और उन्हें शाडू मिट्टी के प्रयोग का महत्व समझाते हैं.



### पूरी तरह घुलनशील

उनका कहना है की मूर्तियाँ पानी में पूरी तरह घुलनशील होती हैं, जिससे विसर्जन के दौरान जल स्रोत प्रदूषित नहीं होते . उनकी बनाई मूर्ति घर के छोटे टब या बाल्टी में विसर्जन कर सकते हैं और उस जल को पौधों में डाल सकते हैं .